04—07—2023

पत्रावली आज पेश। अभियुक्त जगदीश भट्ट व कैलाश नाथ जिला कारागार अल्मोड़ा में निरूद्ध हैं। अधिकांश पुलिस बल कांवड़ मेला ड्यूटी पर होने से, पुलिस बल की कमी के दृष्टिगत अभियुक्तगणों को आज जिला कारागार अल्मोड़ा से वीडियों कान्फेंसिंग के माध्यम से उपस्थित कराया गया। उक्त बावत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा व अधीक्षक जिला कारागार अल्मोड़ा से पत्र भी प्राप्त हुये हैं। अभियुक्त जगदीश भट्ट की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री मनोज बृजवाल व अभियुक्त कैलाश नाथ की ओर से विद्वान न्यायमित्र श्री गजेन्द्र सिंह मेहता उपस्थित हैं। अभियोजन की ओर से विद्वान जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्री पूरन सिंह कैड़ा एवं विद्वान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्री शेखर चन्द्र नैल्वाल उपस्थित हैं। पत्रावली अभियोजन साक्ष्य हेतु नियत है।

पीठासीन अधिकारी महोदय आज अवकाश पर हैं।

पत्रावली दिनांक 20—07—2023 को शेष अभियोजन साक्ष्य हेतु पेश की जाये। पूर्व आदेशानुसार अभियोजन साक्षियों को नियत तिथि के लिए समन जारी हो।

प्र0 विशेष सत्र न्यायाधीश,
अल्मोड़ा।